मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल डाक परिमंडल, के पत्र क्रमांक 22/153, दिनांक 10-1-06 द्वारा पूर्व भुगतान योजनान्तर्गत डाक व्यय की पूर्व अदायगी डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन
म. प्र.-108-भोपाल-09-11.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 11] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 12 मार्च 2010—फाल्गुन 21, शक 1931

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 11 फरवरी 2010

क्र. ई-5-326-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री डी. सिंघई, आय.ए.एस. सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग को दिनांक 15 से 19 फरवरी 2010 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 12, 13, 14 फरवरी 2010 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री डी. सिंघई की अवकाश की अवधि में श्री ए. पी. श्रीवास्तव, आय.ए.एस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री डी. सिंघई को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री डी. सिंघई द्वारा सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री ए. पी. श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.

पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री डी. सिंघई को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. सिंघई, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 11 फरवरी 2010

क्र. एफ-5-23-2009-उन्तीस (2).—उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (1986 की सं. 68) की धारा 10 की उपधारा (1-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन द्वारा श्री लखनलाल शुक्ला को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, रीवा में सदस्य के रूप में की गई नियुक्ति संबंधी समसंख्यक आदेश दिनांक 20/24 जुलाई 2009, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण न करने के कारण निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. जैन, अपर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 24 फरवरी 2010

फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब(एक).—स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का संख्यांक 61) की धारा 36 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा इस निमित्त, पूर्व में जारी की गई समस्त अधिसूचनाओं को अतिष्ठित करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, नीचे दी गई सारणी के कालम (2) में यथा विनिर्दिष्ट किए गये अनुसार, उक्त सारणी के कालम (3) में तत्स्थानी प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों के लिए विशेष न्यायालयों का गठन करता है, अर्थात्:—

सारणी

अनु-क्रमांक	विशेष न्यायालय	स्थानीय क्षेत्र/सत्र खण्ड
(1)	(2)	(3)
1.	विशेष न्यायालय, अलीराजपुर	अलीराजपुर
2.	विशेष न्यायालय, अनूपपुर	अनूपपुर
3.	विशेष न्यायालय, अशोकनगर	अशोकनगर
4.	विशेष न्यायालय, बालाघाट	बालाघाट
5.	विशेष न्यायालय, बड़वानी	बड़वानी
6.	विशेष न्यायालय, बैतूल	बैतूल
7.	विशेष न्यायालय, भिण्ड	भिण्ड
8.	विशेष न्यायालय, भोपाल	भोपाल
9.	विशेष न्यायालय, बुरहानपुर	बुरहानपुर
10.	विशेष न्यायालय, छतरपुर	छतरपुर
11.	विशेष न्यायालय, छिन्दवाड़ा	छिन्दवाड़ा
12.	विशेष न्यायालय, दमोह	दमोह
13.	विशेष न्यायालय, दतिया	दतिया
14.	विशेष न्यायालय, देवास	देवास
15.	विशेष न्यायालय, धार	धार
16.	विशेष न्यायालय, डिण्डौरी	डिण्डौरी
17.	विशेष न्यायालय, पूर्व निमाड़ खण्डवा	पूर्व निमाड़ खण्डवा
18.	विशेष न्यायालय, गुना	गुना
19.	विशेष न्यायालय, ग्वालियर	ग्वालियर
20.	विशेष न्यायालय, हरदा	हरदा
21.	विशेष न्यायालय, होशंगाबाद	होशंगाबाद
22.	विशेष न्यायालय, इन्दौर	इन्दौर
23.	विशेष न्यायालय, जबलपुर	जबलपुर
24.	विशेष न्यायालय, झाबुआ	झाबुआ
25.	विशेष न्यायालय, कटनी	कटनी
26.	विशेष न्यायालय, मण्डला	मण्डला
27.	विशेष न्यायालय, मन्दसौर	मंदसौर सत्र खण्ड, अतिरिक्त विशेष न्यायालय, मन्दसौर तथा अतिरिक्त विशेष न्यायालय, गरोठ को दिए गए क्षेत्राधिकार को छोड़कर.
28.	अतिरिक्त विशेष न्यायालय, मन्दसौर	तहसील मल्हारगढ़ तथा सीतामऊ के स्थानीय क्षेत्र.
29.	अतिरिक्त विशेष न्यायालय, गरोठ	गरोठ तथा भानपुरा के स्थानीय क्षेत्र.
30.	विशेष न्यायालय, मुरैना	मुरैना

(1)	(2)	(3)
31.	विशेष न्यायालय, नरसिंहपुर	नरसिंहपुर
32.	विशेष न्यायालय, नीमच	नीमच
33.	विशेष न्यायालय, पन्ना	पन्ना
34.	विशेष न्यायालय, रायसेन	रायसेन
35.	विशेष न्यायालय, राजगढ़	राजगढ़
36.	विशेष न्यायालय, रतलाम	रतलाम सत्र खण्ड, अतिरिक्त विशेष न्यायालय, जावरा को दिये गये क्षेत्राधिकार को छोड़कर.
37.	अतिरिक्त विशेष न्यायालय, जावरा	पुलिस थाना जावरा, शहर, औद्योगिक क्षेत्र जावरा, कालूखेड़ा, रिगनौद, बड़वदा, पिपलौदा तथा पुलिस थाना ताल का स्थानीय क्षेत्र.
38.	विशेष न्यायालय, रीवा	रीवा
39.	विशेष न्यायालय, सागर	सागर
40.	विशेष न्यायालय, सतना	सतना
41.	विशेष न्यायालय, सीहोर	सीहोर
42.	विशेष न्यायालय, सिवनी	सिवनी
43.	विशेष न्यायालय, शहडोल	शहडोल
44.	विशेष न्यायालय, शाजापुर	शाजापुर
45.	विशेष न्यायालय, श्योपुर	श्योपुर
46.	विशेष न्यायालय, शिवपुरी	शिवपुरी
47.	विशेष न्यायालय, सीधी	सीधी सत्र खण्ड, विशेष न्यायालय, बैढ़न को दिये गये क्षेत्राधिकार को छोड़कर.
48.	विशेष न्यायालय, बैढ़न	बैढ़न (राजस्व जिला, सिंगरोली मुख्यालय बैढ़न की स्थानीय क्षेत्रीय अधिकारिता में उद्भूत तथा संबंधित मामले)
49.	विशेष न्यायालय, टीकमगढ़	टीकमगढ़
50.	विशेष न्यायालय, उज्जैन	उज्जैन
51.	विशेष न्यायालय, उमरिया	उमरिया
52.	विशेष न्यायालय, विदिशा	विदिशा
53.	विशेष न्यायालय, पश्चिम निमाड़ मण्डलेश्वर.	पश्चिम निमाड़ मण्डलेश्वर.

टिप्पणी.—सेशन न्यायाधीश किसी विशेष न्यायाधीश की अनुपस्थिति में, इस अधिसूचना के अधीन विशेष न्यायाधीशों के बीच अत्यावश्यक प्रकरणों की सुनवाई हेतु व्यवस्था कर सकेंगे.

F.No. 1-6-89-XXI-B(I).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985) and in supersession of all previous notifications issued in this behalf, the State Government with the concurrence of Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby constitutes Special Courts as specified in column (2) of the Table below for the area specified in the corresponding entries in column (3) of the said Table:—

TABLE

S.No.	Special Court	Local area/ Sessions Divisions
(1)	(2)	(3)
1.	Special Court, Alirajpur	Alirajpur
2.	Special Court, Anuppur	Anuppur
3.	Special Court, Ashoknagar	Ashoknagar
4.	Special Court, Balaghat	Balaghat
5.	Special Court, Barwani	Barwani
6.	Special Court, Belul	Belul
7.	Special Court, Bhind	Bhind
8.	Special Court, Bhopal	Bhopal
9.	Special Court, Burhanpur	Burhanpur
10.	Special Court, Chhatarpur	Chhatarpur
11.	Special Court, Chhindwara	Chhindwara
12.	Special Court, Damoh	Damoh
13.	Special Court, Datia	Datia
14.	Special Court, Dewas	Dewas
15.	Special Court, Dhar	Dhar
16.	Special Court, Dindori	Dindori
17.	Special Court, East Nimar Khandwa.	East Nimar Khandwa.
18.	Special Court, Guna	Guna
19.	Special Court, Gwalior	Gwalior
20.	Special Court, Harda	Harda

(1)	(2)	(3)
21.	Special Court, Hoshangabad	Hoshangabad
22.	Special Court, Indore	Indore
23.	Special Court, Jabalpur	Jabalpur
24.	Special Court, Jhabua	Jhabua
25.	Special Court, Katni	Katani
26.	Special Court, Mandla	Mandla
27.	Special Court, Mandsaur	Mandsaur Sessions Division except jurisdiction given to Additional Special Court, Mandsaur and Additional Special Court Garoth.
28.	Additional Special Court, Mandsaur.	Local area of Tehsil Malhargarh and Sitamau.
29.	Additional Special Court, Garoth.	Local area of Garoth and Bhanpura.
30.	Special Court, Morena	Morena
31.	Special Court, Narsinghpur	Narsinghpur
32.	Special Court, Neemuch	Neemuch
33.	Special Court, Panna	Panna
34.	Special Court, Raisen	Raisen
35.	Special Court, Rajgarh	Rajgarh
36.	Special Court, Ratlam	Ratlam Sessions Divisions except jurisdiction given to Additional Special Court, Jaora.
37.	Additional Special Court, Jaora.	Local area of Police Station Jaora City, Industrial area Jaora, Kalukheda, Ringnod, Badauda, Piploda and Police Station Taal.
38.	Special Court, Rewa	Rewa
39.	Special Court, Sagar	Sagar
40.	Special Court, Satna	Satna
41.	Special Court, Sehore	Sehore
42.	Special Court, Seoni	Seoni
43.	Special Court, Shahdol	Shahdol
44.	Special Court, Shajapur	Shajapur
45.	Special Court, Sheopur	Sheopur
46.	Special Court, Shivpuri	Shivpuri
47.	Special Court, Sidhi	Sidhi Sessions Division except jurisdiction given to Special Court, Waidhan.
48.	Special Court, Waidhan	Waidhan (Cases arising out of and pertaining to local territorial jurisdiction of Revenue District, Singroli headquarters at Waidhan).
49.	Special Court, Tikamgarh	Tikamgarh
50.	Special Court, Ujjain	Ujjain
51.	Special Court, Umaria	Umaria
52.	Special Court, Vidisha	Vidisha
53.	Special Court, W. N. Mandleswar.	W.N. Mandleswar

Note.—The Sessions Judge may make arrangement for hearing of urgent matters amongst the Special Judges under this notification in absence of any such Special Judge.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एन. के. गुप्ता, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 24 फरवरी 2010

क्र. 1(सी)-1-इक्कीस-ब (दो)-10.—राज्य शासन ने अनु. जाति/अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत गठित प्रत्येक विशेष न्यायालय में उक्त अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति की है.

2. उपरोक्त विशेष न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की हैसियत से सामान्य दाण्डिक मामलों का श्रवणाधिकार प्राप्त है. अत: ऐसे अभियोजित किये जाने वाले समस्त दाण्डिक प्रकरणों के लिये, राज्य शासन की ओर से पैरवी करने के लिये, उपरोक्त विशेष लोक अभियोजकों को मात्र उसी न्यायालय के लिये, पदेन अतिरिक्त लोक अभियोजक की शक्तियां धारा 24(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत प्रदान की जाती है, जो उन्हें उस न्यायालय के लिये, अन्य व्यवस्था होने तक प्राप्त रहेगी.

3. ऐसे विशेष लोक अभियोजकों से सामान्य दाण्डिक मामलों में पैरवी हेतु पृथक् से कोई शुल्क देय नहीं होगा. परन्तु वे अपने शुल्क के नियमित बिलों में समय की गणना करते समय सामान्य दाण्डिक मामलों में लगे समय का लाभ ले सकेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, सचिव.

भोपाल, दिनांक 26 फरवरी 2010

फा. क्र. 17(ई)-163-2006-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन, श्री सतीश कुमार यादव, नोटरी निवासी पिपरिया, जिला होशंगाबाद का नोटरी अधिनियम, 1952 तथा नोटरी नियम, 1956 के सहपठित नियम 13 के अन्तर्गत नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण आदेश क्रमांक 17(ई)-72-2009-इक्कीस-ब (दो), दिनांक 1 जुलाई 2009 तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भूपेन्द्र कुमार निगम, अपर सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य विद्युत् मण्डल, जबलपुर

जबलपुर, दिनांक 13 अगस्त 2009

क्र. 1-13-3251-09.—मण्डल ने मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ-9-2-2009-नियम-चार (भाग-1) दिनांक 3 अगस्त 2009 जो दिनांक 1 जनवरी 2006 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशन भोगियों/परिवार पेंशन भोगियों की पेंशन/परिवार पेंशन का समेकन (Consolidation) से संबंधित है, को यथाआवश्यक परिवर्तन (Mutatis Mutandis) सहित निम्नानुसार ग्राह्य करने का निर्णय लिया है:—

1.1 दिनांक 31 अगस्त 2008 की स्थिति में प्राप्त मूल पेंशन (कम्युटेशन के पूर्व) अथवा परिवार पेंशन (मंहगाई पेंशन एवं मंहगाई राहत को छोड़कर) का 2.26 गुणा राशि, पेंशन अथवा परिवार पेंशन की समेकित राशि (Consolidated Amount) होगी तथा इसका भुगतान सितम्बर 2008 (माह सितम्बर 2008 भुगतान माह अक्टूबर, 2008) से देय होगा.

1.2 न्यूनतम पेंशन/परिवार पेंशन रुपये 3025/- प्रतिमाह देय होगी. वृद्ध पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन की राशि इस सीमा से पृथक् रहेगी.

1.3 वृद्ध पेंशनरों को निम्नांकित तालिका के अनुसार अतिरिक्त पेंशन प्राप्त होगी:—

पेंशनर/परिवार पेंशनर की उम्र	अतिरिक्त राशि
80 वर्ष से तथा 85 वर्ष से कम	मूल पेंशन/परिवार पेंशन का 20%
85 वर्ष से तथा 90 वर्ष से कम	मूल पेंशन/परिवार पेंशन का 30%
90 वर्ष से तथा 95 वर्ष से कम	मूल पेंशन/परिवार पेंशन का 40%
95 वर्ष से तथा 100 वर्ष से कम	मूल पेंशन/परिवार पेंशन का 50%
100 वर्ष या अधिक.	मूल पेंशन/परिवार पेंशन का 100%

अतिरिक्त पेंशन, संबंधित लेखा इकाई स्वीकृत करेंगे, इसके लिए पृथक् से प्राधिकार की आवश्यकता नहीं होगी. अतिरिक्त पेंशन की राशि पेंशनर भुगतान आदेश में पृथक् से दर्शायी जायेगी. सेवानिवृत्ति पेंशन भोगी के पेंशन आदेश में उल्लेखित जन्मतिथि को आधार मानकर अतिरिक्त पेंशन स्वीकृत की जायेगी. परिवार पेंशनर के मामले में आयु संबंधी प्रमाण-पत्र प्राप्त कर अतिरिक्त पेंशन स्वीकृत की जायेगी. अतिरिक्त पेंशन का लाभ, पेंशनर जिस माह निर्धारित आयु पूर्ण करेंगे उस माह के आगामी माह से प्राप्त होगा. अतिरिक्त राशि की गणना ठीक पूर्ववर्ती माह में प्राप्त मूल पेंशन के आधार पर की जाएगी, परन्तु जिन्होंने दिनांक 1 सितम्बर 2008 के पूर्व पैरा 1.3 अनुसार आयु पूर्ण कर ली है तब उन्हें पेंशन पुनरीक्षण उपरान्त सितम्बर 2008 में देय पेंशन में अतिरिक्त वृद्धि का लाभ दिया जाए.

2. यदि पेंशनर/परिवार पेंशनर को एक से अधिक पेंशन/परिवार पेंशन प्राप्त हो रही है तो न्यूनतम राशि रुपये 3025/- दोनों पेंशनों पर पृथक्-पृथक् देय होगी.

3. नियुक्त/पुनर्नियुक्त पेंशनरों के मामले में पेंशन/परिवार पेंशन का केवल समेकन होगा तथा समेकित पेंशन/ परिवार पेंशन पर राहत की पात्रता नहीं होगी.

4. पेंशन/परिवार पेंशन के समेकन फलस्वरूप प्राप्त होने वाली एरियर्स की राशि में से पूर्व में भुगतान की गई पेंशन/परिवार पेंशन, मण्डल के आदेश क्रमांक 1-13-3824-15, दिनांक 11 अप्रैल 2007 द्वारा स्वीकृत की गई 50 प्रतिशत मंहगाई, पेंशन, आदेश क्रमांक 1-13-3801-27, दिनांक 31 जुलाई 2008 द्वारा स्वीकृत 47 प्रतिशत की दर से मंहगाई राहत और मण्डल के आदेश क्रमांक 1-07-डब्ल्यू.ए.सी.-4987, दिनांक 11 सितम्बर 2008 द्वारा स्वीकृत 7.5 प्रतिशत अंतरिम राहत की राशियां समायोजित की जावेगी.

5. पेंशन/परिवार पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों की पेंशन/परिवार पेंशन का पुनरीक्षण कार्य संबंधित लेखा इकाई द्वारा किया जावेगा.

6. संबंधित लेखा इकाई परिवार पेंशन को पुनरीक्षित करते समय इस बात की भली भांति जांच कर ले कि परिवार पेंशन की बढ़ी हुई दर की तारीख निकल जाने के बाद भी यदि भुगतान बढ़ी दर से हो रहा हो तो परिवार पेंशन का भुगतान सामान्य दर से कर दें तथा अधिक भुगतान राशि को एरियर्स/राहत से समायोजित करें.

7. उपरोक्तानुसार समेकित पेंशन/परिवार पेंशन की राशि रुपयों एवं पैसों में आने पर पैसे के भाग को आगामी रुपये में पूर्णांकित किया जावेगा.

8. इन निर्देशों के अन्तर्गत समेकित पेंशन/परिवार पेंशन, मूल पेंशन होगी. दिनांक 1 सितम्बर 2008 (माह सितम्बर 2008 की पेंशन जो माह अक्टूबर 2008 में देय) से मूल पेंशन पर 12 प्रतिशत की दर से तथा माह जुलाई 2009 (माह जुलाई 2009 की पेंशन जो माह अगस्त 2009 में देय) से 16 प्रतिशत की दर से मंहगाई राहत देय होगी. उपरोक्त पैरा 1.3 अनुसार वृद्ध पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी मंहगाई राहत देय होगी. मंहगाई राहत देने के संबंध में अन्य शर्तें पूर्व में प्रसारित मंहगाई राहत के आदेशों के अनुसार होगी.

9. पेंशन/परिवार पेंशन के समेकन के फलस्वरूप एरियर्स राशि का भुगतान 6 समान मासिक किश्तों में किया जावेगा.

क्र. 01-13-3251-11.—मण्डल ने मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 9-2-2009-नियम-चार (भाग-2) दिनांक 3 अगस्त 2009 जो दिनांक 1 जनवरी 2006 को या पश्चात् सेवानिवृत्त/दिवंगत कर्मचारियों की पेंशन/परिवार पेंशन का पुनरीक्षण से संबंधित है, को यथा आवश्यक परिवर्तन (Mutatis Mutandis) सहित निम्नानुसार ग्राह्य करने का निर्णय लिया है:—

(1) **पेंशन.**—पेंशन का निर्धारण अंतिम माह के मूल वेतन (वेतन बेंड में वेतन + ग्रेड पे) के आधार पर होगा. पेंशन 33 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर अंतिम माह के मूलवेतन के 50% की दर से देय होगी. न्यूनतम पेंशन रुपये 3025/- प्रतिमाह होगी.

(2) **परिवार पेंशन.**—अंतिम मूलवेतन (वेतन बेंड में वेतन + ग्रेड पे) के 30% की दर से देय होगी. न्यूनतम पेंशन रुपये 3025/- प्रतिमाह होगी. वृद्ध पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन की राशि इस सीमा से पृथक् रहेगी.

(3) **अतिरिक्त पेंशन.**—वृद्ध पेंशनरों को निम्नांकित तालिका के अनुसार अतिरिक्त पेंशन प्राप्त होगी:—

पेंशनर/परिवार पेंशनर की उम्र	अतिरिक्त राशि
80 वर्ष से तथा 85 वर्ष से कम	मूल पेंशन/परिवार पेंशन का 20%
85 वर्ष से तथा 90 वर्ष से कम	मूल पेंशन/परिवार पेंशन का 30%
90 वर्ष से तथा 95 वर्ष से कम	मूल पेंशन/परिवार पेंशन का 40%
95 वर्ष से तथा 100 वर्ष से कम	मूल पेंशन/परिवार पेंशन का 50%
100 वर्ष या अधिक	मूल पेंशन/परिवार पेंशन का 100%

अतिरिक्त पेंशन, संबंधित लेखा इकाई द्वारा स्वीकृत की जायेगी. इसके लिए पृथक् से प्राधिकार की आवश्यकता नहीं होगी. अतिरिक्त पेंशन की राशि पेंशनर भुगतान आदेश में पृथक् से दर्शायी जायेगी. सेवानिवृत्त पेंशन भोगी के पेंशन आदेश में उल्लेखित जन्मतिथि के आधार पर अतिरिक्त पेंशन स्वीकृत की जायेगी. परिवार पेंशन भोगी के मामले में आयु संबंधी प्रमाण-पत्र प्राप्त कर अतिरिक्त पेंशन स्वीकृत की जायेगी. अतिरिक्त पेंशन का लाभ, पेंशनर जिस माह निर्धारित आयु पूर्ण करेंगे उस माह के आगामी माह से देय होगी.

(4) दिनांक 31 अगस्त 2008 के पश्चात् सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन परिलब्धियों का निर्धारण निम्नानुसार होगा:—

(क) **मृत्यु सह-सेवानिवृत्ति उपादान (ग्रेच्युटी)** की अधिकतम राशि रुपये 3.50 लाख को बढ़ाकर 1 सितम्बर 2008 से रुपये 10.00 लाख (दस लाख) किया जाता है. ग्रेच्युटी की राशि का निर्धारण करने के लिए अंतिम माह का मूलवेतन (वेतन बैंड में वेतन + ग्रेड पे) तथा इस पर देय मंहगाई भत्ता गणना में लिया जायेगा. 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर $16^{1}/_{2}$ (साढ़े सोलह) माह की उपलब्धियां अथवा राशि रुपये 10.00 लाख जो भी कम हो, देय होगी.

(ख) (1) **पेंशन के कम्युटेशन मूल्य की गणना** म. प्र. सिविल सेवा (पेंशन का कम्युटेशन) नियम, 1996 के नियम 8 के तहत् जिसे मण्डल द्वारा आदेश क्र. 01-13-3395-13, दिनांक 9 मार्च 2001 से ग्राह्य किया है, के अनुसार की जावेगी.

(2) यदि किसी पेंशनर ने अपनी पेंशन का कोई भाग कम्यूट कराया है तो उसे पूर्व में प्राधिकृत कम्यूटेड मूल्य तथा पुनरीक्षित पेंशन के कारण कम्युटेड मूल्य के बीच के अन्तर का भुगतान प्रदान नहीं किया जावेगा.

(ग) **अर्जित अवकाश नगदीकरण** के लिए मूल वेतन (वेतन बैंड में वेतन+ग्रेड पे) तथा इस पर देय मंगहाई भत्ते को मासिक उपलब्धियां माना जाएगा. अर्जित अवकाश नगदीकरण की पात्रता तथा शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगी.

(5) दिनांक 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक की अवधि के बीच सेवानिवृत्त अथवा दिवंगत अधिकारियों/कर्मचारियों की पेंशन/परिवार पेंशन, पुनरीक्षित वेतनमान में काल्पनिक तौर पर निर्धारित की जाकर वास्तविक भुगतान 1 सितम्बर 2008 (माह सितम्बर 2008 की पेंशन जो 1 अक्टूबर 2008 को देय होगी) से देय होगा.

(6) इन निर्देशों के अन्तर्गत समेकित पेंशन/परिवार पेंशन, मूल पेंशन होगी. दिनांक 1 सितम्बर 2008 की पेंशन (माह सितम्बर 2008 की पेंशन जो 1 अक्टूबर 2008 को देय) से मूल पेंशन पर 12 प्रतिशत की दर से तथा माह जुलाई 2009 (माह जुलाई 2009 की पेंशन जो माह अगस्त 2009 में देय) से 16 प्रतिशत की दर से मंहगाई राहत देय होगी. उपरोक्त पैरा 3 अनुसार वृद्ध पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी मंहगाई राहत देय होगी. मंहगाई राहत देने के संबंध में अन्य शर्तें पूर्व में प्रसारित मंहगाई राहत के आदेशों के अनुसार होगी.

(7) दिनांक 1 सितम्बर 2008 से 31 जुलाई 2009 के मध्य सेवानिवृत्त/दिवंगत हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को, ग्रेच्युटी एवं अर्जित अवकाश नगदीकरण की अंतर राशि का भुगतान 6 (छः) समान मासिक किश्तों में किया जावेगा.

(8) पेंशन तथा परिवार पेंशन के पुनरीक्षण के फलस्वरूप बकाया अंतर राशि का भुगतान भी 6 (छः) समान मासिक किश्तों में किया जावेगा.

जबलपुर, दिनांक 10 सितम्बर 2009

क्र. 01-13-3251-17.—मण्डल के आदेश क्रमांक 01-13-3251-11, दिनांक 13 अगस्त 2009 के तारतम्य में यह स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 1 जनवरी 2006 को या इसके पश्चात् सेवानिवृत्त/दिवंगत अधिकारियों/कर्मचारियों की पेंशन/परिवार पेंशन का पुनरीक्षण, संबंधित लेखा इकाई द्वारा किया जावेगा.

आदेशानुसार,
संतोष तिवारी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (कार्मिक)

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश

बालाघाट, दिनांक 17 फरवरी 2010

क्र. 401-मण्डी निर्वाचन-10.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(5) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, मैं, डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी), कृषि उपज मण्डी समिति, बालाघाट के लिये एतद्द्वारा निम्नानुसार प्रतिनिधि नाम-निर्दिष्ट करता हूं:—

क्र. (1)	मण्डी समिति का नाम (2)	नाम-निर्दिष्ट प्रतिनिधि का नाम व पता (3)	प्रतिनिधि (4)	मण्डी अधिनियम की धारा (5)
1	बालाघाट	श्री अतुल कुमार वैद्य, मु.पो. हट्टा	विधायक परसवाड़ा	11(1) (घ)
2	—''—	श्री धनीराम कावरे पिता श्री बिरजलाल कावरे वार्ड नं. 31 सरेखा (बालाघाट)	तुलैया/हमाल	11(1) (छ)

नवनीत मोहन कोठारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी).

कार्यालय, कलेक्टर, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश

ग्वालियर, दिनांक 18 फरवरी 2010

क्र. क्यू.-2-ख-स्था.-6-17-दो-2009.—श्री अनिल व्यास, डिप्टी कलेक्टर, ग्वालियर को कार्यालयीन आदेश क्रमांक क्यू-2-ख-स्था-6-17-बत्तीस-07, दिनांक 31 दिसम्बर 2009 द्वारा मध्यप्रदेश, लोक परिसर बेदखली अधिनियम, 1974 की धारा 3, ग्वालियर नगर निगम क्षेत्र हेतु सक्षम प्राधिकारी का कार्य सौंपा गया है.

2. अत: मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ-1-40-87-2-ए(3), दिनांक 10 जुलाई 1987 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रकाश में श्री अनिल व्यास, डिप्टी कलेक्टर, ग्वालियर को मध्यप्रदेश लोक परिसर अधिनियम 1974 की धारा 3 के अन्तर्गत ग्वालियर नगर निगम क्षेत्र हेतु सक्षम प्राधिकारी एतद्द्वारा नियुक्त किया जाता है.

आकाश त्रिपाठी, कलेक्टर.

कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शहडोल, मध्यप्रदेश

शहडोल, दिनांक 22 फरवरी 2010

क्र. भवन-2010-2809.—मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक 097-1197-08-सत्रह-मेडि-3, भोपाल, दिनांक 3 फरवरी 2010 के द्वारा राज्य शासन एतद्द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा क्र. 4336, दिनांक 16 मई 2008 के अनुपालन में सामु. स्वा. केन्द्र, ब्यौहारी का नाम परिवर्तन कर अब स्व. श्री लवकेश सिंह, सामु. स्वा. केन्द्र, ब्यौहारी रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है.

अत: खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र, ब्यौहारी, जिला शहडोल, मध्यप्रदेश को आदेशित किया जाता है कि भविष्य में पत्राचार करते समय स्व. श्री लवकेश सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ब्यौहारी लिखा जावें साथ ही सामु. स्वा. केन्द्र के स्थान पर स्व. श्री लवकेश सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ब्यौहारी के नाम का बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें.

डॉ. टी. एन. चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी.

मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग,
प्लाट नं. 76, अरेरा हिल्स, भोपाल

भोपाल, दिनांक 26 फरवरी 2010

क्र. 301-001-2004.—मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेश क्रमांक 5-4-2004-29-2, दिनांक 28 जनवरी 2004 एवं माननीय चयन समिति की बैठक दिनांक 13 अक्टूबर 2009 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए निर्देशित किया जाता है कि श्रीमती रेखा वर्मा, सदस्य, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम-विदिशा अपने वर्तमान प्रभार के साथ-साथ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम-रायसेन में आवश्यकतानुसार आयोजित बैठकों में अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता फोरम-रायसेन/विदिशा के साथ भाग लेकर प्रकरणों की सुनवाई करेंगी. यह व्यवस्था जिला उपभोक्ता फोरम-रायसेन में सदस्य की नियुक्ति अथवा आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी.

माननीय अध्यक्ष महोदय, राज्य आयोग के आदेशानुसार,
महेश प्रसाद अवस्थी, रजिस्ट्रार.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

भोपाल, दिनांक 13 जनवरी 2010

क्र. 1-अ-82-2008-09.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल		प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
			खसरा क्रमांक	अर्जित रकबा (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
भोपाल	बैरसिया	बागसी	332/1	0.206	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, भोपाल.	बागसी जलाशय के बांध निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बैरसिया के कार्यालय में देखा जा सकता है.

क्र. 1-अ-82-2009-10-सा-1-सात.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल		प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
			खसरा क्रमांक	अर्जित रकबा (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
भोपाल	बैरसिया	बिरहा श्यामखेड़ी	258/2/2	0.060	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, भोपाल.	बिरहई जलाशय के बांध एवं स्पिल चेनल के निर्माण कार्य हेतु.
			258 5/क/2	0.203		
			258 5/क/3	0.202		
			340	0.809		
			367/166	0.049		
			योग . .	1.323		
भोपाल	बैरसिया	पिपलिया हसनाबाद	104/1	0.729		
			योग :	0.729		
			कुल योग :	2.052		

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बैरसिया के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शिवशेखर शुक्ला, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला राजगढ़ (ब्यावरा), मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

राजगढ़, दिनांक 24 फरवरी 2010

क्र. 1126-भू-अर्जन-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी.	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
राजगढ़	राजगढ़	देवलीकलां	1.722	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग राजगढ़.	रावतपुरा तालाब की शीर्ष कार्य एवं नहर निर्माण हेतु शेष भूमि का अर्जन.
राजगढ़	राजगढ़	रावतपुरा	0.563		
		कुल योग :	2.285		

भूमि के नक्शे (प्लान) आदि का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, राजगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शिवानन्द दुबे, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला अशोकनगर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

अशोकनगर, दिनांक 24 फरवरी 2010

क्र. क्यू-भू-अर्जन-105-2009-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील/तालुका	ग्राम	क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
अशोकनगर	ईसागढ़	बरौदिया	31.758	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग अशोकनगर, जिला अशोकनगर, म.प्र.	पचलाना बांध का निर्माण कार्य

भूमि का नक्शा एवं सम्पत्ति का विवरण भू-अर्जन अधिकारी, अशोकनगर एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग, अशोकनगर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
गीता मिश्रा, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दमोह, मध्यप्रदेश एवं पदेन अपरसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

दमोह, दिनांक 26 फरवरी 2010

प्र.क्र. 04 अ-82 वर्ष 2009-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हूं. राज्य शासन का यह भी निर्देश है कि उक्त धारा 5-क के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) एवं (4) के उपबंध उसके संबंध में लागू होंगे :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील का नाम	ग्राम/नगर	क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	पटेरा	सगौनी	91.90	कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह.	सगौनी जलाशय योजना डूब, बांध क्षेत्र के प्रयोजन में आने वाली भूमि.
			योग : 91.90		

(1) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये भूमि की आवश्यकता है—सगौनी जलाशय योजना डूब, बांध क्षेत्र के प्रयोजन में आने वाली भूमि का निर्माण.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर कार्यालय, दमोह एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, उपखंड, हटा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यपालन यंत्री पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

(4) उल्लेखित भूमि के हितबद्ध कोई व्यक्ति अधिसूचना प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अर्जन के संबंध में आक्षेप लिखित में अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, हटा के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है.

प्र.क्र. 7 अ-82 वर्ष 2009-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हूं. राज्य शासन का यह भी निर्देश है कि उक्त धारा 5-क के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की

धारा 17 की उपधारा (1) एवं (4) के उपबंध उसके संबंध में लागू होंगे :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील का नाम	ग्राम/नगर	क्षेत्रफल (हेक्टर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	बटियागढ़	फतेहपुर	41.22	कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह.	फतेहपुर जलाशय योजना के प्रयोजन में आने वाली भूमि.
		देवदरा	20.04		
			योग : 61.26		

(1) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये भूमि की आवश्यकता है—फतेहपुर जलाशय योजना के प्रयोजन में आने वाली भूमि का निर्माण.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर कार्यालय, दमोह एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, उपखंड, हटा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यपालन यंत्री पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

(4) उल्लेखित भूमि के हितबद्ध कोई व्यक्ति अधिसूचना प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अर्जन के संबंध में आक्षेप लिखित में अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, हटा के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है.

प्र.क्र. 8 अ-82 वर्ष 2009-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हूं. राज्य शासन का यह भी निर्देश है कि उक्त धारा 5-क के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) एवं (4) के उपबंध उसके संबंध में लागू होंगे :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील का नाम	ग्राम/नगर	क्षेत्रफल (हेक्टर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	हटा	सुनेरा	3.29	कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह.	वराना जलाशय योजना के प्रयोजन में आने वाली भूमि.
		दमोतीपुरा	1.46		
			योग : 4.75		

(1) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये भूमि की आवश्यकता है—वराना जलाशय योजना के प्रयोजन में आने वाली भूमि का निर्माण.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर कार्यालय, दमोह एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, उपखंड, हटा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यपालन यंत्री पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

(4) उल्लेखित भूमि के हितबद्ध कोई व्यक्ति अधिसूचना प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अर्जन के संबंध में आक्षेप लिखित में अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, हटा के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है.

प्र.क्र. 9 अ-82 वर्ष 2009-2010.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न सूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हूं. राज्य शासन का यह भी निर्देश है कि उक्त धारा 5-क के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) एवं (4) के उपबंध उसके संबंध में लागू होंगे :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील का नाम	ग्राम/नगर	क्षेत्रफल (हेक्टर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	बटियागढ़	कनौराकलां	97.34	कार्यपालन यंत्री, पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह.	कनौरा जलाशय योजना बांध डूंब क्षेत्र एवं स्पिल चैनल के प्रयोजन में आने वाली भूमि.
			योग : 97.34		

(1) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये भूमि की आवश्यकता है—कनौरा जलाशय योजना बांध डूब क्षेत्र एवं स्पिल चैनल प्रयोजन में आने वाली भूमि का निर्माण.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर कार्यालय, दमोह एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, उपखंड, हटा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यपालन यंत्री पंचमनगर सर्वेक्षण संभाग हटा, जिला दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

(4) उल्लेखित भूमि के हितबद्ध कोई व्यक्ति अधिसूचना प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अर्जन के संबंध में आक्षेप लिखित में अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, हटा के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. ए. खण्डेलवाल, कलेक्टर एवं पदेन अपरसचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला विदिशा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

विदिशा, दिनांक 18 फरवरी 2010

प्र.क्र. 02-अ-82-2007-08.—चूंकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 6 के अंतर्गत, इसके द्वारा, यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन—
(क) जिला—विदिशा
(ख) तहसील—सिरोंज
(ग) ग्राम—अहमदाबाद खिल्ली, भौंरिया, सिद्धीकपुर
(घ) लगभग क्षेत्रफल—6.557 हेक्टर.

खसरा नं.	रकबा (हेक्टर में)
(1)	(2)
ग्राम—अहमदाबाद खिल्ली	
79/1	0.139
79/2	0.026
83	0.039
84/2	0.026
86	0.039
87/4	0.026
81	0.570
88	0.316
89	0.026
93	0.139
94/1	0.165
94/2	0.078
94/3	0.038
98	0.103
99	0.092
100	0.078
120	0.065
121	0.114
122	0.039
123	0.365
124/1	0.185
124/2	0.227
129	0.078
130/1	0.026
130/2	0.052
133/2	0.039
137/3	0.065
143/3	0.050
144/1	0.113
149	0.039
161	0.039
162/1	0.114
163	0.078
384/1	0.139
384/2	0.114
392	0.026
393	0.200
418	0.065
419	0.091
420	0.139
422	0.152
431/1	0.078
431/2	0.078
433/2	0.065
434	0.013
435	0.139
436/4	0.065
436/5	0.115
437/2	0.093
438/2	0.093
ग्राम—भौंरिया	
31	0.036
127	0.126
42/1	0.091
39	0.026
37	0.114
41	0.013
126	0.029
33/1	0.065
33/2	0.105
36/1	0.139
36/2	0.114
35	0.126
32	0.114
ग्राम—सिद्धीकपुर	
7	0.032
8	0.070
11/1	0.026
11/2	0.078
योग . .	6.557

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये आवश्यकता है—ग्राम अहमदाबाद खिल्ली, तहसील सिरोंज लघु सिंचाई योजना की नहर में प्रभावित भूमि का भू-अर्जन बावत्.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, भू-अर्जन अधिकारी, सिरोंज व कलेक्टर के कार्यालय में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
योगेन्द्र शर्मा, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

भोपाल, दिनांक 19 फरवरी 2010

क्र. 12-अ-82-2008-09.—चूंकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद (2) में उल्लिखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 6 के अंतर्गत, इसके द्वारा, यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन—

(क) जिला—भोपाल

(ख) तहसील—बैरसिया

(ग) नगर/ग्राम—कालापीपल, कोल्हूखेड़ी, कढ़ैयाखुर्द, बड़ली जागीर, बागसी, भाऊपुरा, बिजावन खुर्द.

(घ) लगभग क्षेत्रफल—270.975 हेक्टर.

खसरा नं. (1)	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) (2)
ग्राम-कालापीपल	
3/3	1.051
3/6	0.809
3/7	1.590
3/8	1.800
9	0.202
10	0.809
11	0.980
12/2	0.332
12/3	0.485
12/4	0.081
12/5	0.465
12/9	0.708
28/2/क	0.060
30/1	0.443
30/2/ख	0.040
30/2	0.052
30/3	0.052
30/4	0.053
31	0.409
32/1	0.077
32/2	0.077
32/3	0.077
32/4	0.077
32/5	0.303
34/1	0.041
34/2	0.238
35/1	0.049
35/2	0.049
35/3	0.049
35/4	0.049
35/5	0.048
35/6	0.170
36/1	0.361
36/2	0.052
36/3	0.065
37	0.360
38	0.077
39/1	0.141
39/2	0.190
39/3	0.194
39/4	0.194
39/5	0.020
39/6	0.405
39/9	0.101
42	0.198
43	0.486
44	0.271
45	0.320
53/2	0.140
53/5	0.105
53/6	0.850
53/7	0.547
53/8	0.567
53/12	0.370
54/1	0.809
55	0.894
56/1	0.323
56/4	1.601
56/5	0.260
56/6	0.351
56/7	0.101
56/8	0.283
56/9	0.303
56/10	0.162
56/11	0.607

(1)	(2)
56/12	0.050
56/13	0.607
56/14	0.607
56/15	0.506
56/16	1.315
56/17	0.283
57/1	0.870
57/2	0.858
57/3	1.728
57/4	1.728
58	2.776
59/1	0.409
59/2	0.555
59/3	0.600
59/4	0.728
59/5	0.728
59/6	0.745
59/7	0.745
60/1	0.048
60/2	0.049
60/3	0.065
62	2.023
63/2/1	0.405
63/2/2	0.405
63/2/3/2	2.023
63/2/4	0.405
63/2/5	1.619
योग . .	46.313

ग्राम-कोल्हूखेड़ी

4/2/3	0.101
7/4	0.160
7/7	0.060
7/5	0.024
7/8	0.350
7/11	0.307
7/12	0.110
7/2/6	0.688
7/2/7	0.627
7/2/8	0.600
7/2/9	0.607
7/2/10	0.607
7/2/11	0.688
7/1/2	1.011
7/1/2/1/1	1.530
7/1/3/1	0.992
7/1/3/1/2	1.011
11	0.174
12	0.255
13/2	0.141
14/2	1.600
15	0.050
16/1	0.162
16/2	0.045
23/1	0.182
23/2	0.360
23/3	0.252
23/4	0.136
23/5	0.131
23/6/1	0.136
23/6/2	0.131
23/7	0.135
53	0.324
63/1/1	0.324
63/1/2	0.405
63/2	0.283
63/3	0.264
64/1	0.445
81/1/1	1.415
87/1	0.668
87/2	0.250
95, 96, 97, 16, 3, 164, 166/2 167, 168/1	0.405
95, 96, 97, 16, 3, 164, 166/2, 167, 168/2	0.283
170/1	0.164
170/2	0.174
172/1	0.077
172/2	0.081
173/2	0.020
174	0.413
175/2	0.056
181/1	0.065
182	1.345
183	0.060
187/1	0.250
187/2	0.101

(1)	(2)	(1)	(2)
188/1	0.065	249	0.057
188/2	0.129	250	0.105
189/1/1/1	0.101	251	0.190
189/1/1/2	0.607	252	0.105
191	0.117	254	0.109
192	0.239	257	0.045
194/1	0.085	263	0.668
194/2	0.085	264	1.130
195, 196/2	0.065	265	0.324
197/1	1.287	266	0.210
197/2	0.121	267/1	0.882
200, 202/1	0.607	267/2, 600/266	0.409
201/1	0.066	267/3	0.405
203	0.032	270	0.032
204	0.113	272	0.077
205	0.028	274	0.041
206	0.101	275	0.121
207/1	0.073	277	0.061
207/2	0.069	279	0.032
209	0.097	285	0.089
210	0.218	286	0.105
211	0.133	287	0.012
214/1	0.227	288	0.057
214/2	0.040	290	0.129
215	0.073	293	0.186
216	0.089	294, 295	0.121
217	0.045	335/1	0.162
218	0.109	335/2, 602/335/2, 603/335,	0.527
219	0.057	655/335/2, 655/335/3	
220	0.012	337/1	0.421
221/1	0.024	337/2, 337/4	0.381
221/2	0.028	340/1	3.363
222	0.012	340/2, 342	0.850
224	0.024	343	1.100
223/624/261	0.073	340/3, 341	0.202
225	0.020	345, 346	0.060
227	0.069	347, 348, 384/2	3.480
230	0.186	349, 350, 351, 360	7.482
232	0.251	352	2.282
233, 235	0.251	354	6.637
241	0.020	356	1.607
245	0.154	358	2.201
246	0.105	359	0.295
247	0.202	360	2.485

(1)	(2)	(1)	(2)
363	0.299	409, 411	1.708
364	0.575	410	0.150
365, 366	2.566	412, 413/1क	0.384
374/1/1/3	2.833	299	0.020
374/3	0.182	300	0.060
375/1	0.355	302	0.207
375/2	0.354	307/1	0.538
377/1/1/1	2.023	310, 331/6/1क	0.101
377/1/1/2	2.023	606/416	0.405
377/1/1/3	2.023	416/2	0.202
377/1/1/4	2.023	418	0.550
377/1/2	2.023	419/1/1क	0.405
377/1/3	5.370	419/1/1ख	1.092
377/2, 378/382/2/2/क	0.405	419/1/2	1.940
377/2, 378/382/2/5/ख/1	0.202	419/2	0.809
377/2, 378/382/2/3/ग	3.237	421/1/1/2	0.970
377/2, 378/382/2/2/1घ	0.060	421/1/1/3	0.607
377/2, 378/382/2/2/2घ	0.405	421/1/1/4	4.250
377/2, 378/382/2/2/3घ	0.060	421/1/1/5	1.780
377/2, 378/382/2/4/1ङ	0.180	421/1/1/6	1.740
377/2, 378/382/2/4/2ङ	1.210	421/1/1/7	0.303
379, 381/1	1.011	421/1/1/8	1.255
379, 381/2	2.722	421/1/1/9	1.780
385/1/1/2	0.619	421/1/2	0.486
385/1/2	2.023	421/2	0.081
385/2, 387/1	3.845	421/3	0.405
387/2/2	0.542	423/1	0.445
388	0.308	423/2	0.405
